# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, रविवार 06 जुलाई 2025 I आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 89 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


# रांची में निकाला गया फ्लैग मार्च, बोकारो में मॉक ड्रिल, अफवाहों से बचें

शुभम संदेश। रांची/ बोकारो

मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रांची और बोकारो पुलिस ने कमर कस ली है. दोनों शहरों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए फ्लैग मार्च, मॉक ड्रिल, ड्रोन निगरानी और व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई है. संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के जरिए कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके.

### मुहर्रम 2025 को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा



**रांची में फ्लैग मार्च**

**भाईचारे का संदेश**

मुहर्रम के मद्देनजर रांची पुलिस ने शनिवार को शहर के प्रमुख संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला. यह मार्च अल्बर्ट एक्का चौक से शुरू होकर मेन रोड होते हुए सुजाता चौक तक पहुंचा. मार्च के दौरान पुलिस बल उन सभी क्षेत्रों से गुजरा, जहां अतीत में सांप्रदायिक तनाव की आशंका रही है. डीआईजी सह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन कुमार सिन्हा ने कहा, 'फ्लैग मार्च का मकसद लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि वे निर्भीक होकर मुहर्रम मनाएं. शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी.'

**बोकारो में सख्ती**

**शांति भंग करने वालों पर कार्रवाई**

बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा और एसपी हरविंदर सिंह ने संयुक्त आदेश जारी कर सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया है. सभी थाना प्रभारियों, बीडीओ और सीओ को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जुलूस निर्धारित रूट और समय पर ही निकलेंगे, और ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी. लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

**शांति समिति की अपील**

**सौहार्द बनाए रखें**

रांची और बोकारो में शांति समिति की बैठकों में भाईचारे का संदेश दिया गया. रांची के कोतवाली और डेली मार्केट थानों में डीएसपी प्रकाश सोय और थाना प्रभारी जयप्रकाश राणा ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की. बोकारो के पिंड्राजोरा थाना में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने सभी समुदायों से सौहार्द बनाए रखने का अनुरोध किया. सेंट्रल मुहर्रम कमेटी, रांची ने भी अखाड़ों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि जुलूस सुव्यवस्थित और सुरक्षित रहें.

**प्रशासन का संकल्प**

**शांति और सुरक्षा सुनिश्चित**

रांची और बोकारो प्रशासन ने जनता से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की है. दोनों शहरों में पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुहर्रम के दौरान सुरक्षा और सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की यह पहल न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देगी.

### रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रांची में मुहर्रम जुलूस के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं. जिला प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप), इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) और रैपिड एक्शन पुलिस (आरएपी) के 1000 से अधिक जवानों को तैनात किया है. क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा गया है. ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से जुलूसों पर नजर रखी जाएगी. सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोकने के लिए साइबर सेल को भी सक्रिय किया गया है. यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कई मार्गों पर वाहनों का परिचालन सीमित रहेगा.

### बोकारो में मॉक ड्रिल: 274 जुलूसों की निगरानी

बोकारो में 6 जुलाई को मुहर्रम की 10वीं तारीख को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. शनिवार को सेक्टर-12 पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. इस दौरान डीएसपी सिटी आलोक रंजन, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार और जोय प्रभाकर लकड़ा मौजूद रहे. मॉक ड्रिल में उपद्रव की स्थिति में आंसू गैस, रबर बुलेट और लाठी चार्ज का अभ्यास किया गया. एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि जिले में 274 लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी जुलूस निकलेंगे, जिनकी निगरानी के लिए 200 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन तैनात किए गए हैं.

# रामगढ़ में चाल धंसने से चार की मौत, कई दबे

दुर्वेज। रामगढ़

जिले में शनिवार सुबह एक बार फिर अवैध कोयला खनन ने जानलेवा रूप ले लिया. कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कर्मा परियोजना के निकट महुआ टुंगरी इलाके में अवैध खनन के दौरान अचानक चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है, और ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर है.

**सुबह-सुबह मौत बनकर टूटी धरती**

घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जब दर्जनों ग्रामीण कथित तौर पर अवैध रूप से कोयला निकालने के लिए खदान में उतरे थे. तभी चाल धंस गई और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान इम्तियाज़, रामेश्वर मांझी, वकील करमाली और निर्मल मुंडा के रूप में की गई है. वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें दो महिलाएं और एक 17 वर्षीय किशोर भी शामिल हैं. सभी घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां दो की हालत नाजुक बताई जा रही है.

**सीसीएल पर लापरवाही का आरोप :** प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि इस हादसे के पीछे सीसीएल की गंभीर लापरवाही जिम्मेदार है. उन्होंने बताया कि खुले हुए खदान क्षेत्र की न तो कोई बाउंड्री वॉल थी और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा घेराबंदी. इससे गांव के लोगों को खदान में बेरोकटोक प्रवेश का मौका मिलता रहा. ग्रामीणों ने डीजीएमएस (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी) के सुरक्षा मानकों की खुलेआम अवहेलना करने का आरोप भी सीसीएल प्रबंधन पर लगाया है.

**प्रबंधन की चुप्पी और प्रशासन की शुरुआत :** इस पूरे हादसे को लेकर न तो सीसीएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया है और न ही किसी अधिकारी ने सार्वजनिक तौर पर जवाब देने की कोशिश की है. प्रशासन ने हालांकि मामले की जांच शुरू कर दी है और मुआवजे पर विचार किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोग इसे 'देरी से जागने की आदत' करार दे रहे हैं.

**ग्रामीणों का सवाल -जिम्मेदार कौन :** प्रदर्शन कर रहे लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब क्षेत्र अवैध खनन के लिए बदनाम है, तो प्रशासन और सीसीएल ने अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? स्थानीय निवासी चीत्कार करते हुए पूछ रहे हैं कि अगर खदानों की घेराबंदी होती, तो क्या ये मासूम जानें जातीं?

### अवैध खनन का कहर, ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन



**प्रशासन मौके पर, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा फूटा**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दबे हुए शवों को बाहर निकाला गया. लेकिन इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. उन्होंने चारों शवों को सीसीएल कर्मा परियोजना के गेट के सामने रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया. प्रदर्शनकारी मृतकों के परिजनों को मुआवजा और एक-एक सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं.

**हर साल दोहराई जा रही त्रासदी**

गौरतलब है कि रामगढ़, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और हजारीबाग जिलों में अवैध कोयला खनन वर्षों से एक गंभीर समस्या बना हुआ है. अक्सर गरीब और बेरोज़गार ग्रामीण मौत की कीमत पर कोयला खदानों में घुसकर जीविका कमाते हैं. ऐसे में सुरक्षा की ज़रा सी चूक भी भयंकर हादसे का कारण बन जाती है. इस हादसे ने फिर एक बार यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कोयला कंपनियों और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी, या फिर मुनाफे की अंधी दौड़, इन खदानों को कब्रगाह बना रही है?

**क्या सरकार जग पाएगी इस बार?**

अब जब चार और गरीब परिवारों के चूल्हे बुझ गए हैं, सरकार, प्रशासन और सीसीएल की जिम्मेदारी बनती है कि वे इस त्रासदी की तह तक जाएं. केवल मुआवजे और नौकरी के आश्वासन नहीं, बल्कि स्थायी समाधान, सुरक्षा उपाय, और अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की ज़रूरत है.

### सरकार को हर एक जान का देना होगा हिसाब : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रामगढ़ के करमा प्रोजेक्ट में हुए दर्दनाक हादसे की खबर सुनकर मन अत्यंत व्यथित और आक्रोशित है. उन्होंने कहा कि हम इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हैं. यह मौत का सिलसिला अब बंद होना चाहिए. इस सरकार को हर एक जान का हिसाब देना होगा. मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि कोयले की अवैध खदान में हमारे कई श्रमिक भाइयों के दबे होने की आशंका है. मैं ईश्वर से उनकी सलामती की प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं. लेकिन यह कोई हादसा नहीं, यह हत्या है. यह हत्या उस भ्रष्ट और गैर जिम्मेदार सरकार की लापरवाही से हुई है, जो दिन के उजाले में चल रहे इस अवैध कारोबार से अपनी आंखें मूंदे बैठी है. कब तक झारखंड के गरीब यूं ही अपनी जान गंवाते रहेंगे? उन्होंने कहा है कि रामगढ़ हो या धनबाद, हज़ारीबाग़ हो या बोकारो, चौतरफ़ा मौत का यह काला कारोबार फल-फूल रहा है और सरकार दावा करती है कि उसे कुछ पता नहीं. हर एक जान की ज़िम्मेदार यह राज्य सरकार है. यह अपराध किसके संरक्षण में हो रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है. यह पूरी तरह से पुलिस और सरकारी संरक्षण में हो रहा है. जब राज्य को ही एक अवैध डीजीपी चला रहे हों, तो फिर किससे क्या ही पूछना? सीसीएल ने खदान बंद कर दी थी, लेकिन सरकार के नाक के नीचे माफिया ने उसे फिर से शुरू कर दिया. यह सरकार की नाकामी नहीं, तो और क्या है? उन्होंने कहा कि हम इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हैं. यह मौत का सिलसिला अब बंद होना चाहिए. इस सरकार को हर एक जान का हिसाब देना होगा.

## खूंटी: बारिश में पुल ढहा, बांस की सीढ़ी को बनाया रास्ता

### झारखंड में ऐसे स्कूल पहुंच रहे छात्र



शुभम संदेश। खूंटी

जिले में भारी बारिश ने एक पुल को तहस-नहस कर दिया, लेकिन स्कूल जाने की जिद ने बच्चों को जोखिम भरा रास्ता चुनने पर मजबूर कर दिया. पेलौल गांव के पास बनाई नदी पर बना यह पुल 19 जून को बारिश के कहर में ढह गया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने टूटी पुलिया पर बांस की सीढ़ी बनाकर रास्ता निकाला, जिसका इस्तेमाल अब स्कूली बच्चे कर रहे हैं.

**बांस की सीढ़ी पर बच्चों का साहस:** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने सबका ध्यान खींचा है. इसमें बच्चे टूटे हुए पुल पर बांस की सीढ़ी चढ़कर स्कूल पहुंचने की कोशिश करते दिख रहे हैं. कुछ राहगीर बच्चों की मदद करते हैं, ताकि वे सुरक्षित उस पार पहुंच सकें. यह नजारा देखकर लोग हैरान हैं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं.

**पुल ढहने से लोग परेशान :** पुल ढहने के बाद वाहनों के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है. लेकिन जिनके पास निजी वाहन नहीं हैं, उनके लिए यह रास्ता मुश्किल साबित हो रहा है. नतीजतन, बच्चे टूटी पुलिया और बांस की सीढ़ी के सहारे स्कूल जा रहे हैं. ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ से यह अस्थायी सीढ़ी बनाई, लेकिन यह कितना सुरक्षित है, यह सवाल सबके मन में है. खूंटी के प्रभारी एसडीओ अरविंद ओझा ने बताया कि वैकल्पिक रास्ता तैयार कर लिया गया है और इसे डबल-लेन बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है. उन्होंने दावा किया कि बांस की सीढ़ी को हटा दिया गया है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि हमें इस घटना की जानकारी मिली है. हम सभी जरूरी सुरक्षा उपाय करेंगे ताकि ऐसा दोबारा न हो.

### नेतरहाट विद्यालय में पहली बार बोर्ड एग्जाम में छात्र हुए फेल

## मंत्री रामदास सोरेन ने दिए जांच के आदेश

शुभम संदेश। रांची

राज्य के सबसे प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं. इस साल की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के 5 छात्र फेल हो गए हैं. 10वीं में एक और 12वीं में 4 छात्रों को असफलता का सामना करना पड़ा है. इस गिरते प्रदर्शन को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने गहरी चिंता जताई है और जांच के निर्देश दिए हैं. शनिवार को रांची के धुर्वा स्थित एमडीआई भवन में हुई नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक में मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि विद्यालय का स्तर लगातार वर्ष 2010 के बाद से गिरता जा रहा है. उन्होंने निर्देश दिया कि पूर्ववर्ती छात्रों की एक कमेटी बनाकर विद्यालय में एक सप्ताह तक रह कर फेल हुए छात्रों के पढ़ाई के स्तर का आकलन किया जाए और रिपोर्ट सौंपे.

बैठक में बताया गया कि स्कूल में शिक्षकों के 42 पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्तमान में सिर्फ 18 शिक्षक ही कार्यरत हैं. मंत्री ने इस पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द खाली पदों को भरने का निर्देश दिया. तब तक के लिए पूर्व छात्रों और पूर्व शिक्षकों से पढ़ाई करवाने की योजना बनाई गई है. इसके लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन मंगाए जाएंगे और उन्हें सम्मान राशि व अन्य जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी. मंत्री ने कहा कि छात्रों के नामांकन में भी लगातार कमी आ रही है, जो चिंता का विषय है. कई छात्रों के 80 प्रतिशत से कम अंक लाने पर भी उन्होंने शिक्षकों से जवाब तलब करने को कहा. साथ ही विद्यालय में आश्रम व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने के निर्देश भी दिए. बैठक में निर्णय लिया गया कि डीएमएफटी (जिला खनिज निधि) की राशि से स्कूल की बुनियादी सुविधाओं को ठीक किया जाएगा.

### जामताड़ा : मिहिजाम में भीषण सड़क हादसा

## पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत, 2 घायल

**जामताड़ा।** जिले के मिहिजाम में राष्ट्रीय राजमार्ग 419 पर कानगोई के पास शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार से आ रही एक हुंडई आई ट्वेंटी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई.

हादसे में कार के चालक और वाहन मालिक, भागलपुर के सुल्तानगंज निवासी 39 वर्षीय रितेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार का एयरबैग खुलने के बावजूद चालक की जान नहीं बचाई जा सकी. घटना के समय कार में तीन लोग सवार थे. घायलों में मिहिजाम कानगोई निवासी संतोष सिंह समेत दो अन्य शामिल हैं. दोनों घायलों को जामताड़ा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है. स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय भंडारी ने बताया कि हादसे के बाद 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन एम्बुलेंस कर्मियों ने लगभग आधे घंटे तक घटनास्थल पर पहुंचकर सिर्फ पूछताछ की. जिसके बाद पुलिस जीप में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.

## इंटरमीडिएट को बंद करने के आदेश के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

शुभम संदेश। जमशेदपुर



नई शिक्षा नीति 2020 के तहत डिग्री महाविद्यालयों से इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने के निर्णय के खिलाफ शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर छात्रों ने प्रदर्शन किया. इस दौरान छात्रों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की. ज्ञापन सौंपने पहुंचे इंटरमीडिएट छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधि हेमंत पाठक ने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला 12वीं के छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल देगा. उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को 2026 तक पूर्ण रूप से लागू किया जाना है और तब तक सभी वर्तमान इंटरमीडिएट के छात्र महाविद्यालयों से पास आउट हो जाएंगे। ऐसे में फिलहाल सत्र को बीच में रोकना अनुचित है.

ज्ञापन में छात्रों ने उल्लेख किया कि सत्र समाप्त होने में मात्र छह माह शेष हैं और अचानक पढ़ाई बंद होने से उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. छात्रों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे राजभवन से वार्ता कर इस आदेश पर पुनर्विचार करवाएं. साथ ही यह भी मांग की गई कि महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों की सेवाएं लेते हुए इन छात्रों की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी छात्र का भविष्य खराब न हो. प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि वे राज्य सरकार से अपेक्षा करते हैं कि उनके हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे.

## गोड्डा में सांप के काटने से दो मासूम भाई-बहन की मौत

- निशिकांत दुबे ने बढ़ाया मदद का हाथ

शुभम संदेश। गोड्डा

जिले के सैदापुरा गांव में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की जान चली गई. जमीन पर सो रहे भाई-बहन को एक जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई. मृत बच्चों की पहचान 9 वर्षीय स्तुति कुमारी और 6 वर्षीय आदित्य कुमार के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे रात में खाना खाने के बाद घर के कमरे में जमीन पर सोए हुए थे. रात के अंधेरे में कमरे में एक विषैले सांप के घुस आने से यह हादसा हुआ. बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर परिजन पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए ले गए, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं होने पर उन्हें गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया गया.

अस्पताल में डॉक्टरों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया. स्तुति की हालत गंभीर थी, जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे भागलपुर रेफर कर दिया. मगर भागलपुर ले जाने से पहले ही शनिवार तड़के चार बजे स्तुति ने भी दम तोड़ दिया. मृतकों की मां प्रियंका कुमारी ने बताया कि उनके चार बच्चों में अब दो ही शेष बचे हैं. परिवार के मुखिया हीरालाल राउत मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं. इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है. घटना की सूचना मिलते ही गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर संवेदना व्यक्त की और तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की.

## जमशेदपुर के अमूल दूध के गोदाम में भीषण आग, सब स्वाहा

शुभम संदेश। जमशेदपुर

जमशेदपुर के मानगो सिमुलडांगा इलाके में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. एमजीएम थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (एनएस-33) के किनारे स्थित अमूल दूध के एक बड़े गोदाम में सुबह लगभग 7 बजे अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट से आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि करीब दो किलोमीटर दूर से दिख रही थीं. आग लगने की खबर मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया. थोड़ी ही देर में दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू हुआ, जो करीब दो घंटे तक यानी सुबह 9 बजे तक चलता रहा.



गोदाम में कई लीटर दूध और बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पाद स्टोर किए गए थे, जिनकी कीमत लाखों रुपये में बताई जा रही है. आग ने सब कुछ जलाकर खाक कर दिया. गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी भारी माना जा रहा है. घटनास्थल पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता दीपक रंजीत ने बताया कि यह गोदाम गुजराती सहकारी दूध वितरण संघ लिमिटेड' के अंतर्गत संचालित होता है और इसका क्षेत्रफल लगभग एक एकड़ में फैला हुआ है. फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं. मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन आग ने जो नुकसान किया है, उसकी भरपाई करना मुश्किल होगा. इलाके में सामान्य स्थिति लौट रही है, लेकिन लोग अभी भी सुबह के उस भयावह मंजर को याद करके सहमे हुए हैं. पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं. मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है.

## धनबाद: सड़क हादसे में दो बड़े कारोबारियों के बेटों की मौत

**धनबाद।** राजगंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर डोमनपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में कोयलांचल के दो प्रतिष्ठित कारोबारी के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई. दोनों के शव को एसएनएमएमसीएच लाया गया. जहां औपचारिक रूप से डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन व व्यवसायियों का अस्पताल में तांता लग गया. परिजनों का अस्पताल में रो रोकर बुरा हाल है. शवों को एसएनएमएमसीएच अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है. दोनों कोलकाता में रहकर बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे. दोनों अच्छे मित्र थे और कल ही कोलकाता से अपने घर पहुंचे थे.व्यवसायी शांतनु चंद्रा ने बताया कि धनबाद के दो प्रतिष्ठित व्यवसायी विशाल कृष्णानी और हृदयाल सिंह के बेटे की आज सड़क हादसे में मौत हो गई है. जीटी रोड धनबाद राजगंज में सड़क हादसा हुआ है. किसी अज्ञात के द्वारा उनके परिजन को फोन पर जानकारी दी गई और कहा गया कि दोनों की मौत हो चुकी है. दोनों एक कार में सवार थे, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई. सूचना मिलने के बाद परिजन व अन्य व्यवसायी अस्पताल पहुंचे. जहां दोनों के बेटे का शव पड़ा हुआ था.विशाल कृष्णानी बैंक मोड में रहते हैं. उनका बैंक मोड़ में एक बड़ी कंपनी के कपड़े का शोरूम है. विशाल कृष्णानी के बेटे का नाम साहिल कृष्णानी है. वहीं, हृदयाल सिंह की धनसार थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक में ऑटो पार्ट्स की दुकान है. हृदयाल सिंह के बेटे का नाम अनमोल सिंह हैं.

## रामविलास पासवान के विचार और संघर्ष पार्टी के लिए प्रेरणा : बिरेंद्र



**रांची।** लोजपा रामविलास के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर स्मरण सभा और संगठनात्मक बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया. यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में पासवान के योगदान, दलित-पिछड़ा समाज के प्रति उनके संघर्षों को याद किया गया. साथ ही संगठनात्मक मजबूती, अभियान और भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार हुआ. प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान के विचार और संघर्ष आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और हम सबको मिलकर उनके सपनों को साकार करना है. इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे इनमें उमेश तिवारी, अभिषेक राय, ज्योति होरो, रतन, श्रवण कुमार, दिनेश, आदित्य विजय प्रधान, शिवजी कुमार, विष्णु सोनी, दीपिका होरो, ममता रंजन, उत्तम राय सहित अन्य कार्यकर्ता का नाम शामिल हैं.

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में एक्सपर्ट्स टॉक का आयोजन

## ब्रेन स्ट्रोक में गोल्डेन आवर की काफी अहमियतः डॉ. संजय

शुभम संदेश। रांची

ब्रेन स्ट्रोक में गोल्डेन आवर की काफी अहमियत है. इस समयावधि में अगर मरीज को उचित इलाज मिले, तो उसकी जान बचाई जा सकती है. ये बातें शनिवार को प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. संजय कुमार ने कही. वे सरला बिरला विश्वविद्यालय में सरला बिरला मेमोरियल व्याख्यान के तहत कॉमन इश्यूज रिलेटेड टू न्यूरोसाइंसेज विषय के तहत अपनी बातें रख रहे थे. कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग ने आईक्यूएसी और इंस्टीट्यूशंस इन्नोवेशन काउंसिल के सहयोग से किया था. डॉ. संजय कुमार ने अपने संबोधन में न्यूरोलॉजिकल ट्रीटमेंट की फौरी आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने न्यूरोलॉजिकल ट्रीटमेंट से जुड़ी आम समस्याओं, जैसे ब्रेन स्ट्रोक, एपिलेप्सी, माइग्रेन, पार्किंसंस डिजीज, बैक पेन, सायटिका और नेक पेन के विषय में विस्तार से बताया.



कार्यक्रम में बिरला एकेडमी, कोलकाता के नॉलेज रिसर्च क्यूरेटर प्रणब मुखर्जी ने कम्युनिकेशन इकोलॉजी और पब्लिक कम्युनिकेशन स्किल्स विषय पर व्याख्यान दिया. उन्होंने दैनंदिन उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को क्लास में बेहतर ढंग से पढ़ाने के विषय में चर्चा की. साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सही तरीके से बात करने पर जोर दिया.
कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन, डॉ. सुभानी बाड़ा, मीनल श्वेता, डॉ. नीलिमा पाठक, डॉ. संदीप कुमार समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है.

## एक नजर

### मारवाड़ी सम्मेलन ने 425 लोगों को कराया भोजन



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से संचालित दो अन्नपूर्णा सेवा केंद्रों में शनिवार को कुल 425 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया. सबसे पहले स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र (पुरुलिया रोड) में 215 लोगों ने भोजन किया. वहीं श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा (पहाड़ी मंदिर रोड) में 210 लाभुकों को भोजन कराया गया. आज की सेवा अमृता गुप्ता (अमृता मेटल) कीीी ओर से प्रायोजित थी. अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने इसे सेवा भाव की प्रेरणा बताते हुए माता अन्नपूर्णा से सभी के कल्याण की प्रार्थना की. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा केंद्र स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में पिछले चार वर्षों से प्रतिदिन निरंतर संचालित हो रहे हैं. इस अवसर पर सम्मेलन अध्यक्ष ललित पोद्दार, महामंत्री विनोद जैन, सहित प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, मनोज रुइया, द्वारका अग्रवाल, रमेश बंका, संजय सर्राफ सहित कई सदस्य मौजूद थे.

### भक्तों की सेवा के लिए देवघर में सेवा शिविर लगाएगा न्यास

**रांची।** पवित्र श्रावण माह में इस वर्ष भी बोलबम डाक सेवा न्यास रांची सेवा शिविर के नाम से सुल्तानगंज देवघर कांवड़िया पथ पर ग्राम गोविंदपुर में कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाएगा. यह सेवा शिविर कुमारसर से तीन किमी पहले (सुल्तानगंज से 30 किमी की दूरी पर) लगाया जा रहा है. सेवा शिविर में भोले बाबा के भक्तों को शीतल जल, नींबू चाय, नींबू शरबत, दोपहर में नारायण सेवा (खिचड़ी), महाभंडारा का भोजन, दर्दनिवारक सेंक, दर्द निवारक दवाइयों से सेवा प्रदान की जाएगी. भक्तों को यह सेवा 11 जुलाई से सभी कांवड़िया, डाक बम, दंडी बम को सेवा दी जाएगी. शिविर के लिए समिति के अध्यक्ष सागरमल अग्रवाल और मुरारी गोयल के नेतृत्व में शिविर सामग्री लेकर ट्रक को समिति के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में हर हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना किया गया. इस मौके पर समिति के रमेश अग्रवाल, सुनील सिंघानिया, सुनील जालान, गोपाल शर्मा, भरत बगड़िया, भरत अग्रवाल, संतोष जायसवाल, चमनलाल टांक, जुगल जालान सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.

### सिद्धार्थ जयसवाल चुने गए जेसीआई एक्सपो उत्सव के मुख्य संचालक



**रांची।** जेसीआई एक्सपो उत्सव जिसे रांची का त्यौहार भी कहा जाता है विगत पिछले 27 वर्षों से झारखंड का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेस्ट माना गया है. मोरहाबादी मैदान में लगने वाला 7 दिनों का ये एक्सपो, जहां आप कपड़े, इलेक्ट्रोनिकस, कंप्यूटर, फ्लैट, घर से जुड़ी हर जरूरत की वस्तु, नई गाड़ियां एवं फर्नीचर इत्यादि खरीद सकते है, 5 लाख से ज्यादा लोगों को आकर्षित करता है इस बार सितम्बर के महीने में लगने जा रहा है. इस साल जेसीआई एक्सपो उत्सव के मुख्य संचालक के तौर पर जेसी सिद्धार्थ जयसवाल को चयनित किया गया है. सिद्धार्थ पूर्व में जेसीआई रांची के सचिव के तौर पर अपना कार्यभार संभाल चुके है और विगत 14 वर्षों से जेसीआई एक्सपो उत्सव में अपनी सहभागिता दे रहे है. पेशे से सिद्धार्थ स्टील कारोबारी है. वे 15 सालों से जेसीआई रांची के मेंबर है. सह संचालक के रूप मैं जेसी दीपक पटेल, जेसी अभिषेक जैन, जेसी अनीश जैन और जेसी सौरव नरेडी है.

### बांधगाड़ी में फंदे से लटकी मिली नवविवाहिता

**रांची।** रांची के सदर थाना अंतर्गत न्यू नगर, बांधगाड़ी में अवध किशोर सिंह के घर में एक विवाहिता की फंदे से लटकी बॉडी मिली है. घटना बीते देर रात की बताई जाती है. मृतका महिला का नाम अनु कुमारी उम्र करीब 25 वर्ष के करीब है. दो महीने पूर्व अनु की शादी धर्मवीर कुमार से हुई थी. घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार मौके पर जांच करने पहुंचे. प्रथम दृष्टया में मामला संदिग्ध प्रतीत होता है. पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी है. सदर थाना की पुलिस परिजन के आने का इंतेजार कर रहे है. पुलिस ने बॉडी को कब्जे में ले लिया. इस मामले में अनुसंधान जारी है.

## मुहर्रम पर ट्रैफिक अलर्ट! शहर के 15 से ज्यादा रूट होंगे सील

शुभम संदेश। रांची

मुहर्रम पर्व के अवसर पर रांची शहर में शनिवार को निकलने वाले अखाड़ों के जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था में आंशिक बदलाव किया गया है. यह बदलाव सुबह 10:00 बजे से लेकर जुलूस समाप्ति तक प्रभावी रहेगा.

**इन मार्गों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित**

1. किशोरी यादव चौक अपर बाजार महावीर मंदिर चौक शहीद चौक
2. शहीद चौक अपर बाजार महावीर मंदिर चौक
3. सुभाष चौक अपर बाजार महावीर मंदिर
4. कचहरी चौक शहीद चौक अल्बर्ट एक्का चौक
5. चडरी तालाब अल्बर्ट एक्का चौक
6. प्लाजा चौक अल्बर्ट एक्का चौक
7. पुरुलिया रोड सर्जना चौक
8. एसएन गांगुली रोड / विष्णु गली / बुधिया गली / राधेश्याम गली मेन रोड
9. सुजाता चौक मेन रोड
10. वुल हाउस मेन रोड
11. कर्बला चौक रतन पी.पी. चौक
12. कडरू रेडिसन ब्लू होटल मेन रोड
13. कमांडेंट आवास मोड़ राजेन्द्र चौक
14. मेकॉन चौक राजेन्द्र चौक
15. तुलसी चौक अंबेडकर चौक

**ट्रैफिक में डायवर्जन :** प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जरूरत पड़ने पर अन्य मार्गों पर भी ट्रैफिक डायवर्जन किया जा सकता है, ताकि जुलूस के दौरान यातायात सुचारू और सुरक्षित बना रहे.

**क्या करें यात्री और नागरिक**

- शहर में निकलने से पहले ट्रैफिक अपडेट जरूर देखें.
- प्रतिबंधित मार्गों से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें.
- प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें.

## चुटिया के एक शिक्षण संस्थान में सीआईडी की छापेमारी, कई लोगों को हिरासत में लिया

शुभम संदेश। रांची

झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में छापेमारी की है. यह छापेमारी केतारी बागान घाट रोड पर स्थित पुष्पांजलि पैलेस भवन में संचालित हो रहे एक शिक्षण संस्थान में हुई है. इस शिक्षण संस्थान पर कोई आधिकारिक बोर्ड भी नहीं लगा है. जानकारी के अनुसार, एजेंसी ने दस ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है. दरअसल सैकड़ों बेरोजगार युवक-युवतियों को कृषि विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चला रहा था. एक एनजीओ की मदद से कुछ युवकों ने झारखंड सीआईडी में इसकी शिकायत दर्ज करायी. उसके बाद सीआईडी डीजी के निर्देश पर सीआईडी की टीम ने यह कार्रवाई की गयी. छापेमारी के दौरान ट्रेनिंग सेंटर का संचालन कर रहे तीन-चार युवक फरार हो गया हैं. जबकि वहां ट्रेनिग देने वाले और ऑफिस का कार्य कर रहे करीब दो दर्जन युवक और युवतियों को हिरासत में लिया गया है. सभी से पूछताछ चल रही है. करीब दो दर्जन मोबाइल, लैपटॉप, सहित भारी मात्रा अन्य समान बरामद किया गया है.




**नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी के संदेह में छापेमारी :** जानकारी के अनुसार, सुबह दस से अधिक वाहनों में सवार होकर सीआईडी की टीम जैसे ही संस्थान पहुंची, वहां मौजूद लड़के-लड़कियों में अफरा-तफरी मच गई. हालांकि छापेमारी के पीछे का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी के संदेह में की गई है. बताया जा रहा है कि संस्थान में कई लड़के-लड़कियां मौजूद थे, जिन्हें कथित तौर पर नौकरी का झांसा देकर पैसे ऐंठे जा रहे थे. फिलहाल, सीआईडी या किसी अन्य प्राधिकारी ने इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. इस मामले की जांच जारी है और जल्द ही इस संबंध में और जानकारी सामने आने की उम्मीद है.

## स्टेन स्वामी की पुण्यतिथि पर झारखंड के दर्जनों संगठनों ने जारी किया साझा बयान

शुभम संदेश। रांची

स्टेन स्वामी की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को झारखंड के 100 से अधिक सचेत नागरिकों, जन संगठनों और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने एक साझा बयान जारी किया है. यह बयान छत्तीसगढ़ और झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में माओवादी आंदोलन के ख़ात्मे की आड़ में हो रहे कथित राज्य दमन के विरुद्ध है. वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस दमन का असली मकसद आदिवासी ज़मीनों को कॉर्पोरेट लूट के लिए खाली कराना है. साथ ही उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की ओर से घोषित युद्धविराम और शांतिवार्ता के प्रस्ताव पर सरकार से सकारात्मक प्रतिक्रिया की मांग की है.

**ऑपरेशन कगार के नाम पर सैकड़ों हत्याओं का आरोप :** जनवरी 2024 में बस्तर में शुरू हुए केंद्र सरकार के ऑपरेशन कगार में अब तक करीब 500 लोगों की हत्या का दावा किया गया है, जिनमें कई आम नागरिक भी शामिल हैं. वक्तव्य



में कहा गया है कि इन कार्रवाइयों में सुरक्षा बलों को इनाम और प्रशस्ति दी गई, जबकि दूसरी ओर, शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध—जैसे विस्थापन, जबरन खनन या कैंप निर्माण के खिलाफ जन आंदोलनों—को भी दबाया गया. बस्तर के 'मूलवासी बचाओ मंच' को प्रतिबंधित कर इसके नेताओं को यूएपीए समेत गंभीर धाराओं में गिरफ़्तार किया गया है.

**आदिवासी ज़मीनों पर बलपूर्वक कैंप, महिलाओं में असुरक्षा :** बयान में कहा गया है कि बस्तर में 160 और झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में 25 से अधिक सुरक्षा बलों के कैंप आदिवासियों की सार्वजनिक और रैयती ज़मीन पर बिना ग्राम सभा की अनुमति के स्थापित किए गए हैं. रात के अंधेरे में चुपचाप लगाए गए इन कैंपों से स्थानीय सामाजिक ढांचा प्रभावित हुआ है, महिलाओं में भय और असुरक्षा बढ़ी है, और पूरे इलाके में दमन का वातावरण बना है.

**शांतिवार्ता की अनदेखी, खत्म करने की नीति :** हाल के महीनों में भाकपा (माओवादी) ने कई बार युद्धविराम की घोषणा की और शांतिवार्ता की इच्छा जताई, परंतु सरकार ने इसका उत्तर हिंसा से दिया है। जून 2025 में करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में 31 लोगों को मार गिराया गया, जिनमें कई निहत्थे आदिवासी थे. परिजनों से शवों को कई दिन छिपाकर रखा गया, जिससे वे सड़ गए. मई में माओवादी महासचिव बसवराजु की कथित मुठभेड़ में हत्या के बाद शव उनके परिवार को नहीं सौंपे गए और बिना अनुमति के जला दिए गए.

**मांगें और अपील**

साझा वक्तव्य में केंद्र और राज्यों की सरकारों से निम्न मांगें रखी गई हैं —

1. माओवादी विरोधी सैन्य अभियानों को अविलंब रोका जाए और एक निष्पक्ष युद्धविराम लागू किया जाए.
2. आदिवासी समुदायों से उनके मुद्दों पर तत्काल संवाद शुरू हो.
3. भाकपा (माओवादी) के साथ शांति वार्ता की प्रक्रिया शुरू की जाए.
4. 'मूलवासी बचाओ मंच' से प्रतिबंध हटाया जाए और उसके नेताओं को रिहा किया जाए.
5. ग्राम सभा की सहमति के बिना बने सभी सैन्य कैंप हटाए जाएं, खासकर वे जो स्कूलों में चल रहे हैं.
6. पेसा, पांचवीं अनुसूची, वन अधिकार कानून समेत सभी प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह लागू किया जाए.

## बिरसा कारा में सरना झंडा स्थापित करने की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

### कैदियों में आध्यात्मिक जागृति का लक्ष्य



**रांची।** सरना धर्मावलंबियों ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार परिसर में सरना झंडा स्थापित करने की अनुमति मांगी है. सरना धर्म प्रार्थना सभा रांची महानगर के अध्यक्ष सुभानी तिग्गा के नेतृत्व में एक टीम ने डीसी मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. टीम ने आग्रह किया कि बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास सरना झंडा स्थापित किया जाए. उनका कहना है कि यह झंडा केवल आदिवासी आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सरना का आध्यात्मिक ध्वज भी है, जो कैदियों में प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करता है. बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य कारा में बंद कैदियों में चेतना जगाना है, जिससे उनके मन में शांति और भाईचारे की भावना उत्पन्न हो और वे सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित हो सकें.
सरना धर्म अगुवा गोयना कच्छप ने कहा कि जिस दिन कारा परिसर में सरना झंडा स्थापित होगा, कैदियों में सरना के प्रति आस्था और लगाव बढ़ेगा. टीम में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के संरक्षक अजय तिर्की, सचिव गैना कच्छप, बिगलाहा उरांव, कोषाध्यक्ष सीता खलखो, सुनीता कच्छप, मालती कच्छप, शांति तिर्की, ज्योति उरांव और मुन्नी पाहन समेत अन्य लोग शामिल थे.

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद बैठक की तैयारी पर डीसी ने की समीक्षा बैठक

### दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश



**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27 वीं बैठक आगामी 10 जुलाई को रांची में आयोजित होने जा रही है. इस महत्वपूर्ण बैठक के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. इस क्रम में शनिवार को जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई.
बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम के सुचारु और सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों को उनके कार्यों और दायित्वों के निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी कोषांगों को अभी से कार्य प्रारंभ करने का निर्देश देते हुए कहा, इस बैठक का आयोजन गौरव की बात हैं. डीसी भजंत्री ने विशेष रूप से कहा कि सभी कोषांग अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में समन्वय बनाकर कार्य करें. उन्होंने आतिथ्य, आवास, परिवहन, और अन्य सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से पूरा करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया. साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समीक्षा और प्रगति की निगरानी करने के लिए कहा ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे. बैठक में डीडीसी सौरभ भुवनिया, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के. के राजहंस, पीडीआईटीडीए, संजय भगत, अपर दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सहित विभिन्न कोषांगों के अफसर मौजूद थे. अधिकारियों ने अपने कोषांगों के कार्यों की प्रगति और भावी योजनाओं पर चर्चा की. उपायुक्त ने सभी कोषांगों से तालमेल व समय बद्ध कार्य निष्पादन का आह्वान किया, ताकि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की यह अहम बैठक सफल हो सके.

## मुहर्रम से पहले बच्चों के खिलौनों से सजा बाजार, दूर-दराज से पहुंचे दुकानदार

**रांची।** कर्बला चौक में पिछले छह दिनों से चल रहा बाजार अब पूरी तरह मेले का रूप ले चुका है. मुहर्रम इस बार 6 जुलाई को मनाया जाएगा, लेकिन उससे पहले ही यहां छह दिवसीय विशेष बाजार सज चुका है. खासतौर पर बच्चों के लिए तरह-तरह के खिलौनों की दुकानों ने इस बाजार को और भी रंगीन बना दिया है. बाजार में बच्चों के लिए छोटा डेगची, खिलौना गाड़ियां, लेजर लाइट, डोल, लालटेन, खिलौना बंदूक, बबल्स चक्का जैसे ढेरों खिलौने उपलब्ध हैं. लगभग 20 दुकानें केवल बच्चों के खिलौनों से सजी हैं, जहां बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए आकर्षक और रंग-बिरंगे खिलौने बेचे जा रहे हैं. दुकानदार सीमा खातून बताती हैं कि वह पिछले दो वर्षों से इस बाजार में दुकान लगा रही हैं.

## संत जेवियर स्कूल में 7 जुलाई तक सीआईएससीई जोनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**रांची।** रांची के डोरंडा स्थिति संत जेवियर स्कूल में शुक्रवार से CISCE जोनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ. यह टूर्नामेंट तीन दिन यानी 7 जुलाई तक चलेगा, जिसमें रांची जोन के कुल सात प्रतिष्ठित आईसीएसई स्कूल भाग ले रहे हैं. उद्घाटन समारोह की शुरुआत सेंट फ्रांसिस स्कूल के प्रिंसिपल टी.ओ.आर रेव फादर शजी अलप्पुरथ की उपस्थिति में हुआ. इस दौरान संत जेवियर स्कूल, डोरंडा के प्रिंसिपल एस.जे रेव फादर फुलडियो सोरेंग सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे. अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आह्वान किया.

**इन स्कूलों के छात्र प्रतियोगिता में ले रहे भाग**

- संत एंथनी स्कूल, डोरंडा
- संत जेवियर स्कूल, डाल्टनगंज
- संत फ्रांसिस स्कूल, हरमू
- डॉन बोस्को स्कूल, कोकर
- बीडब्ल्यूजीएस, नामकुम
- क्लूनी कॉन्वेंट स्कूल
- मेजबान संत जेवियर स्कूल, डोरंडा

**पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा टूर्नामेंट का समापन :** तीनों दिनों तक चलने वाले बास्केटबॉल टूर्नामेंट में छात्र-छात्राएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे. आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों को भी विकसित करना है. विद्यालय प्रशासन ने बेहतर खेल सुविधा और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की है, जिससे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो. टूर्नामेंट का समापन 7 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा.

**उत्सव** आम का मजा लेना है तो पृथ्वी को हरा भरा रखें और लें फल का स्वाद

## पर्यावरण बचाने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाएंः सिस्टर जयंती

शुभम संदेश। रांची

संत अलोईसियुस मोंटसरी स्कूल डॉक्टर कामिल रोड में शनिवार को फलों के राजा आम को लेकर स्कूल के नन्हे बच्चों और शिक्षकों के साथ उनके अभिभावकों ने मैंगो डे फेस्टिवल अर्थात फलों का राजा आम महोत्सव मनाया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया. समारोह की मुख्य अतिथि उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी थी और प्रिंसिपल सिस्टर जयंती केरकेट्टा रही जबकि विशिष्ट अतिथि उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल हेसाग की हेडमिस्ट्रेस सिस्टर सुशीला ओएसयू रही. समारोह की मुख्य अतिथि सिस्टर सुशीला



केरकेट्टा इस अवसर पर स्कूल के नन्हे बच्चों को और उनके अभिभावकों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा संसार पर्यावरण के विकट समस्या से जूझ रहा है ऐसे में या जरूरी है कि हम इस विकट समस्या से का समाधान कैसे करें उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष रोपण कर उन्हें बचाकर और बढ़कर पर्यावरण संकट की समस्या का निदान संभव है क्योंकि हमारी धरती माता जो हमें न सिर्फ समस्त मानो जाति को बल्कि जीव जंतुओं को भी अपने गोद में संरक्षण देती है साथ ही साथ उनकी जरूरत की पूर्ति के लिए पेड़ पौधे नदी नाले झरने आदि से उनका क्वेश्चन करती है. यही नहीं धरती माता इसके अलावा अपने गर्भ में इतनी खनिज संपदा रखे हुए हैं जो हमें हमारी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त हैं उसे धरती माता को शस्य श्यामल रखने के लिए जरूरी है कि वृक्षारोपण करें. पानी बचाएं. स्कूल के प्रिंसिपल ब्रदर माइक जेत्रोम ने विद्यालय में बच्चों के लिए आयोजित मैंगो डे को प्रकृति के बच्चों में प्रेम और उत्साह बढ़ाने वाला तथा उनमें छुपी प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया. कहा कि वृक्षारोपण हमारी धरती माता को हरा भरा रखने के लिए जरूरी है. साथ ही उन्होंने पृथ्वी के गर्भ में छुपे विभिन्न प्रकार के खनिज रत्नों मैं कोयला,पेट्रोल,सोना, एल्यूमिनियम, लोहा,प्लैटिनम जैसे विभिन्न खनिजों की जानकारी दी. कहा कि हमें इन खनिजों को बचाना है इसके उपयोग से देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है. मौके पर उपस्थित ब्रदर ऑल फोंस में अपने संबोधन से बच्चों के उत्साह और इस कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया. आम काटकर बच्चों के बीच रिट्रीट किया गया साथ ही आम खाने से संबंधित है प्रतियोगिता में जिसमें शिक्षकों ने बच्चों ने और बच्चों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाओं में प्रतिभा मैडम के अलावे प्रभा, सुमन कुजूर, प्रीति रोज, पारुल, ज्योति और मैक् मिलन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.

## 'साथी' के तहत निराश्रितों को मिलेगा डालसा का साथः राजेश सिन्हा

शुभम संदेश। रांची

नालसा द्वारा संचालित योजना 'साथी' व 'डॉन' को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को कडरू पुल टोली में डालसा टीम के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.एलएडीसी डिप्टी, राजेश सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, अनिता देवी, सुरज वर्मा, एनजीओ के सन्नी राम, रीतू, अंकिता, अविनाश दुबे, विधि की छात्राएं तथा राजा वर्मा व अन्य मौजूद थे. एलएडीसी डिप्टी ने साथी व डॉन पर फोकस किये.
उन्होंने कहा कि साथी अभियान के तहत निराश्रितों को आश्रय प्रदान करने में डालसा प्रयास करेगा. आपके क्षेत्र में कोई असहाय या निराश्रित है, तो उन्हें चिन्हित करें सूचना दें. नशा उन्मूलन 'डॉन पर फोकस करते हुए राजेश सिन्हा ने एनडीपएस एक्ट पर चर्चा की.



उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का एकमात्र उद्देश्य है. इसके तहत डालसा समय-समय पर गली, मुहल्लों व कस्बो में कैंप लगाकर निरंतर लोगों को जागरूक कर रहें है. आगे उन्होंने कहा कि अपने समस्याओं के समाधान के लिए टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं. पीएलवी पीके उपाध्याय ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन पर बाते कहीं, वहीं पीएलवी अनिता देवी और सुरज वर्मा ने मईंया सम्मान योजना तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिये. अब तक साथी अभियान के तहत 1200 से भी अधिक बच्चों को डालसा, रांची के द्वारा मदद पहुंचाया गया है. अंत में डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया गया.

## ब्रीफ न्यूज

### हाथियों ने कई घर तोड़े फसलें भी बर्बाद की

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा, चेटर और मननडीह गांवों में शुक्रवार देर रात जंगली हाथियों के एक झुंड ने भारी तबाही मचाई. करीब 16 हाथियों का यह झुंड अचानक गांव में घुस आया और कई घरों, अनाज भंडारों और खेतों को रौंद डाला.सेरेगड़ा के मनोज यादव की मक्का की फसल और बाउंड्री दीवार पूरी तरह नष्ट हो गई. चेटर गांव में राजेंद्र गंझू के घर में घुसकर हाथियों ने धान, केला और अन्य अनाज को तहस-नहस कर दिया. वहीं मननडीह गांव में दामोदर गंझू का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया.घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव ने वन विभाग को जानकारी दी. वन विभाग के अधिकारी अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का आकलन किया.

### बरवाडीह के 1098 किसानों की लैंड सीडिंग अधूरी

**बरवाडीह।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ लेने वाले किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की गई है. बरवाडीह अंचल के अंतर्गत 1098 किसानों की लैंड सीडिंग प्रक्रिया अब तक अधूरी पाई गई है, जिससे उनकी अगली किस्त अटक सकती है.इस संबंध में बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि यह अंतिम अवसर है जब किसान अपनी जमीन से संबंधित दस्तावेजों के साथ अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर लैंड सीडिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.उन्होंने स्पष्ट किया कि 8 जुलाई 2025 की अंतिम तिथि के बाद यदि यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो ऐसे सभी लंबित आवेदन स्वतः अस्वीकृत कर दिए जाएंगे .

### विहंगम योग उपदेश्टा की पत्नी का निधन,शोक

**हुसैनाबाद(पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी विहंगम योग के उपदेश्टा रामाशीष सिंह की 70 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया. निधन की खबर मिलते ही उनके महुअरी स्थित आवास पर प्रशंसकों और शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी.मृदुभाषी स्वभाव वाली सुमित्रा देवी अपने व्यवहार से लोगों के बीच सम्मानित स्थान रखती थीं. उनके पति रामाशीष सिंह विहंगम योग के प्रचार-प्रसार में वर्षों से सक्रिय हैं और सत्संग के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करते रहे हैं.मौके पर मृतका के भतीजे व भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, दामाद मिथलेश कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह, गोलू सिंह, जिप उम्मीदवार मिथलेश कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, बैजनाथ सिंह, विवेक सिंह, समेत अनेक लोगों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**मेदिनीनगर ।** मेदिनीनगर-पांकी मुख्य सड़क पर सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में शुक्रवार रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. बाइक और ट्रक को जब्त करके थाना ले जाया गया. कई घंटे बाद युवक की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के परशुराम खाप के रहने वाले विनोद राम के पुत्र पंकज कुमार (28) के रूप में हुई. सूचना मिलने पर शनिवार सुबह परिजन एमएमसीएच पहुंचे और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गए. सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने शनिवार को बताया कि घटना में मृतक युवक की पहचान नहीं हो पा रही थी. छानबीन करने पर जानकारी हुई.

## बाल श्रम उन्मूलन को लेकर डीसी ने की टास्क फोर्स की बैठक

# बाल श्रमिक के नियोजक पर कराएं प्राथमिकी, वसूलें जुर्माना: डीसी

**शुभम संदेश ।मेदिनीनगर**



बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गठित जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में पलामू उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में हुई.

बैठक में उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक एतवारी महतो से विगत जून माह में श्रम उन्मूलन को लेकर किए गए कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने बताया कि जून माह में कुल 9 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से विमुक्त किया गया है. इस दौरान संबंधित नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है. उपायुक्त ने विमुक्त किये गये सभी बाल श्रमिकों को सीडब्लूसी के समझ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने व स्कूल में एडमिशन कराने की बात कही. वहीं ये सभी बच्चे दोबारा अपने कार्यों में न लौट जाये यह भी सुनिश्चित करने की बात कही.

इसी दौरान उन्होंने डीईओ से पूर्व में विमुक्त हुए बच्चों का फॉलोअप रखने की बात कही. उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक से जुलाई माह में औचक छापेमारी का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि छापामारी के दौरान ढाबा, लाइन होटल, ईंट भट्ठा, गैरेज, वाशिंग सेंटर आदि में छापेमारी चलाएं. वहीं जो नियोजक अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष के कम उम्र के बाल श्रमिक को नियोजित करते है, उनके विरूद्ध बाल एवं अल्प व्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए 20-20 हजार रूपये प्रति बाल श्रमिक जुर्माना के रूप वसूली किया जाए.

उपायुक्त ने आमजनों से भी जिले को बाल श्रम से मुक्त करने को लेकर सहयोग करने की अपील की. बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे.

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, निकला फ्लैग मार्च

## मार्च में शामिल डीसी और एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया शहर भ्रमण

**शुभम संदेश।मेदिनीनगर**



मुहर्रम पर्व के लेकर प्रशासन मुस्तैद है. पलामू जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बना रहे इसे लेकर हर थाना क्षेत्र में पुलिस फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का संदेश दे रही है.

इसी के मद्देनजर शनिवार को शहर थाना मेदिनीनगर से पुलिस-प्रशासन ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च का नेतृत्व उपायुक्त समीरा एस व एसपी रिष्मा रमेशन ने किया. इस दौरान डीडीसी जावेद हुसैन, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, सहायक समाहर्ता, सीओ अमरदीप बल्होत्रा, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी ज्यातिलाल रजवार, यातायात प्रभारी समेंत काफी संख्या में पुलिस बल शामिल थी. फ्लैग मार्च में शामिल लोग शहर थाना से निकलकर रेड़मा चौक, सुभाष चौक, बस स्टैंड, स्टेशन रोड, शिवाजी मैदान, कुंड मोहल्ला समेत अन्य स्थलों से होकर गुजरा. फ्लैग मार्च के दौरान सशस्त्र जवानों ने अनुशासित ढंग से मार्च करते हुए कानून-व्यवस्था का संदेश दिया. पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर सौहार्द बनाए रखने की अपील की. वहीं एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों को यह संदेश देना है कि कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. डीडीसी जावेद हुसैन ने कहा कि सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चौकसी बरत रहे हैं. किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### वायरल भ्रामक वीडियो को लेकर प्रशासन ने दी चेतावनी

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने सभी अखाड़ा समितियों एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय बना कर कार्य करने और प्रशासन को सहयोग देने की अपील की है. अपील में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यह भ्रामक दावा किया जा रहा है कि किसी जुलूस या आयोजन में फिलिस्तीन देश का झंडा लहराया गया है. जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि वीडियो में जो झंडा दिखाया गया है, वह कुछ स्थानीय लोगों द्वारा स्वयं निर्मित किया गया है और उसका किसी भी देश, विशेषकर फिलिस्तीन से कोई संबंध नहीं है. यह एक तथ्यहीन और भ्रम फैलानेवाला वीडियो है, जिसे दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से प्रसारित किया जा रहा है. इस प्रकार के फर्जी एवं भ्रामक वीडियो बनाकर या शेयर करके अफवाह फैलाने वालों की पहचान की जा रही है. पलामू पुलिस ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है. पलामू पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम एवं हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर कोई भी नागरिक संदेहास्पद गतिविधि, भ्रामक संदेश या अफवाह की सूचना दे सकता है. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि किसी भी संदेश, वीडियो या फोटो को बिना पुष्टि के फॉरवर्ड न करें. यदि कोई जानकारी मिलती है, तो उसे संबंधित पुलिस पदाधिकारी या कंट्रोल रूम को तुरंत सूचित करें. लोगों से कहा गया है कि किसी भी भ्रामक वीडियो को किसी भी माध्यम से शेयर, फॉरवर्ड या लाइक नहीं करें. भ्रामक पोस्ट करने या वायरल करने वालों के खिलाफ आईटी एक्ट व भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

### मुहर्रम की आठवीं तारीख का निकाला गया जुलूस

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम् को लेकर शनिवार को मुहर्रम की आठवीं तारीख का जुलूस निकला. जुलूस मुहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल के नेतृत्व में निकाला गया. इस दौरान खिलाड़ियों ने चौक-चौराहों पर गोल लगाकर पारंपरिक हथियारों से खेल का प्रदर्शन किया. शहर के पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला मैदान से निकला जुलूस शाह मोहल्ला होते हुए कन्नी राम चौक पहुंचा. जुलूस में हुसैननगर, राहतनगर, मुस्लिम नगर, कसाव मुहल्ला, माली मोहल्ला, शास्त्री नगर, धोबी मुहल्ला, सुदना, नावाटोली राइन मोहल्ला, कुंड मोहल्ला के लोग निशान व बाजे-गाजे के साथ शामिल हुए. जुलूस निर्धारित मार्ग सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, चावल पट्टी, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर रोड, पंचमुहान चौक होते हुए दोपहर में छहमुहान पहुंचा. वहां पर काफी देर तक गोल जमा रहा और लोगों ने पारंपरिक हथियारों से करतब दिखाए. इसके बाद जुलूस जिला स्कूल चौक, सेवा सदन रोड, कोयल नदी तट, शिवाला घाट, शिवाला रोड, आढ़त रोड, कन्नीराम चौक होते हुए वापस हुआ. शांति व सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद थी. जुलूस में जेनरल महताब आलम उर्फ पिंटू, पूर्व जनरल जीशान खान, इसराइल आज़ाद और मिंटू, इमामुद्दीन खान, इमामुद्दीन राइन, अंजुमन इसलाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर मुस्तफा कमाल, मुन्ना खान, मो. नेयाज अहमद, सन्नु सिद्दीकी, मासूम अंसारी, सोनू खान, अनवर, तालिब खान, आसिफ रयान उर्फ मोनू, सैफ खान, जाफर महबूब आदि समेत नूरे हुसैन कमेटी, कर्बला हुसैन कमेटी, इब्ने अली हुसैन कमेटी आदि थे.

## लातेहार में नवमी का मुहर्रम जुलूस निकला

# 'या हुसैन' के नारों से गूंजा शहर

**शुभम संदेश ।लातेहार**



नवमी मुहर्रम के अवसर पर लातेहार जिले में पारंपरिक तरीके से मातमी जुलूस निकाला गया. पूरा शहर 'या अली, या हुसैन' के नारों से पूरा शहर गूंज उठा. . इस दौरान मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग लाठी-डंडों से लैस होकर श्रद्धा और अनुशासन के साथ जुलूस में शामिल हुए.

मुख्य जुलूस की अगुआई अमावटीकर के मोज़ावर शहीद खान द्वारा की गई. जुलूस जुबली चौक होते हुए थाना चौक तक पहुंचा. अंसार नगर, करकट से मौजवार गुलाम साबिर और करकट अंजुमन के सदर अयूब अंसारी की अगुवाई में निकले दूसरे जुलूस ने माको चौक होते हुए थाना चौक पर पहुंचकर एकत्रित हुए. इन जुलूसों में युवाओं ने पारंपरिक हथियारों और करतबों के माध्यम से अपना हुनर दिखाया. जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे जुटे रहे. बच्चों ने भी पीछे नहीं रहते हुए उत्साह से करतबों में भाग लिया.करकट अंजुमन के सदर अयूब अंसारी ने बताया कि यह जुलूस हर वर्ष नियमपूर्वक निकलता है और इस संबंध में प्रशासन को पूर्व में लिखित सूचना भी दी गई थी.

उन्होंने कहा कि जुलूस का मुख्य आकर्षण थाना चौक पर होने वाला एक घंटे का खेल-तमाशा होता है. परंतु इस वर्ष ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव में प्रदर्शन को जल्द समेटना पड़ा.

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि दसवीं मोहर्रम के जुलूस को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए भारी वाहनों का आवागमन कुछ घंटों के लिए बंद रखा जाए और छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए जाएं. इससे जुलूस के प्रतिभागियों और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होगी. पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल सतर्क दिखा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई. मोहर्रम का यह आयोजन आपसी सौहार्द, आस्था और परंपरा का प्रतीक बनकर सामने आया.

# डीवीसी के 78वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शुभम संदेश ।लातेहार**



रक्तदान को महादान कहा गया है. क्योंकि यह न केवल किसी की जान बचा सकता है बल्कि समाज में मनवीयता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है. आज के समय में जब दुर्घटनाओं, सर्जरी और विभिन्न बीमारियों के लिए रक्त आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे में रक्तदान शिविरों का आयोजन अत्यन्त महत्वपूर्ण हो गया है. उक्त बातें डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) व परियोजना प्रधान अरविन्द कुमार ठाकुर ने कही. बता दें कि चार जुलाई को दामोदर घाटी निगम के 78 वें स्थापना दिवस पर तुबेद कोयला खान लातेहार के कैंप आफिस में रक्तदान शिविर का आयोजन लातेहार सदर अस्पताल के सहयोग से किया गया. शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) व परियोजना प्रधान अरविंद कुमार ठाकुर ने किया. उद्घाटन समारोह में मिथीलेश कुमार, एलेक्जेन्डर कुजुर, डा अलका लकड़ा, दीपक कुमार, अमित चक्रपाणि, अमित प्रसाद, जय प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, शशांक शेखर और ब्लड बैंक लातेहार की विनय कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित रहे. श्री ठाकुर ने कहा कि रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचायी जा सकती है बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है. रक्तदान वास्तव में एक पुण्य का कार्य है. रक्तदान शिविर की अपार सफलता के पीछे तुबेद कोयला खान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षाकर्मियों का योगदान रहा.

**समस्या** प्रखंड के एकलौते राजकीयकृत+2 गांधी उच्च विद्यालय में संसाधनों का है अभाव

# अधिक उपस्थिति होने पर बरामदे में बैठते हैं छात्र

### 75% छात्रों की उपस्थिति रहती है बराबर

**अमित चौधरी।उंटारी रोड**




उंटारी रोड प्रखंड का एकलौता राजकीयकृत +2 गांधी उच्च विद्यालय उंटारी में संसाधनों का घोर अभाव है. हालांकि संसाधन नहीं मिलने के बावजूद भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्षा अच्छा रहा है. विद्यालय की स्थापना 1951 में हुई थी जबकि विद्यालय को पूर्ण रूप से 1958 में स्वीकृति मिली थी. लगभग 60 वर्षों तक विद्यालय में आठवीं, नौवीं व दशवी की पढ़ाई होती रही. वर्ष 2017 में विद्यालय को+2 का दर्जा मिला. विद्यालय में हाई क्वालिफाड शिक्षक होने के बावजूद विद्यालय में छात्रों को पूर्ण रूप से आनलाइन क्लास की सुविधा नहीं मिल पा रहा है इसका मुख्य कारण विद्यालय में बिजली का घोर अभाव है. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आजीम अंसारी ने बताया कि विद्यालय में छात्रों की 75% उपस्थिति बराबर रहती है, ज्यादा उपस्थिति होने पर विद्यार्थी बरामदे में बैठने को मजबूर हो जाते हैं जिसका मुख्य कारण है विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में क्लास रुम नहीं है. विद्यालय का पुराना क्लास रुम जीर्ण शीर्ष अवस्था में है फिर भी विद्यार्थी पुराने क्लास रुम में पढ़ने को विवश है. उन्होंने कहा कि विद्यालय में बिजली व क्लास रूम के लिए विभाग को कई बार अवगत कराया हूं लेकिन अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं किया गया.

### संत क्लारेट स्कूल में कराटे प्रशिक्षण प्रारंभ



**बरवाडीह।** लेदगाईं स्थित संत क्लारेट स्कूल में सोतोकान कराटे स्टाइल और क्लासिकल मार्शल आर्ट इंडिया के तत्वावधान में कराटे प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है. इस प्रशिक्षण शिविर में 100 से अधिक लड़के और लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं.यह प्रशिक्षण झारखंड के प्रतिनिधि सेन्सेई मदन लाल द्वारा दिया जा रहा है, जो पिछले कई वर्षों से स्कूल में कराटे सिखा रहे हैं. उनके मार्गदर्शन में स्कूल के कई छात्र-छात्राएं जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं.प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज ने कहा कि सेन्सेई मदन लाल के अनुभव और मेहनत से स्कूल के कई खिलाड़ी चैंपियन बने हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नए सत्र में भी पुराने और नए प्रतिभागियों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और वे भविष्य में अपने विद्यालय, जिला, राज्य और देश का नाम गौरवान्वित करेंगे.यह पहल बच्चों में आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करेगी. स्कूल प्रशासन और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की है.

### संत मरियम स्कूल में विद्यार्थियों को दिया गया जीवन का संदेश

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम के अवसर पर संत मरियम स्कूल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रार्थना सभा में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि मोहर्रम झूठ और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है. यह दिन सत्य, आत्मबल और इंसानियत की विजय का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि इस्लामी इतिहास में यज़ीद एक ऐसा शासक था जो धर्म के नाम पर सत्ता और दमन थोपना चाहता था, लेकिन हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत हुसैन साहब ने उसकी बात मानने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि धर्म और पंथ हमें बाँटने के लिए नहीं, बल्कि ईश्वर तक पहुँचने के विभिन्न रास्ते हैं. कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सत्य, बलिदान, त्याग और सहनशीलता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं.

## एक नजर

### नेतरहाट में टाटा स्टील के चीफ सेल ने किया पौधरोपण



**लातेहार।** टाटा स्टील के चीफ सेल (प्लानिंग) सोमश विश्वास ने नेतरहाट दौरे के दौरान लातेहार टूरिज्म द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान में भाग लिया. इस अवसर पर उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.लातेहार टूरिज्म, जो एक स्थानीय ट्रैवल एजेंसी है, पर्यटकों को नेतरहाट भ्रमण के साथ पौधारोपण के लिए भी प्रेरित करती है. इसके प्रोप्राइटर गोविंद पाठक ने बताया कि उनका उद्देश्य नेतरहाट की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है.श्री विश्वास ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के साथ हमें भी व्यक्तिगत स्तर पर पहल करनी चाहिए. छोटे-छोटे कार्य जैसे पौधारोपण, आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा बदलाव ला सकते हैं. उन्होंने चेताया कि यदि अभी प्रयास नहीं किए गए, तो पृथ्वी तो रहेगी, पर जीवन संकट में पड़ सकता है.

### पंचायत प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर दिया धरना



**पांडू (पलामू)।** पांडू प्रखंड मुख्यालय मैदान में शनिवार को पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा छह सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में पांडू प्रमुख नीतू सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष पति अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिन्नू सिंह, समाजसेवी प्रद्युमन कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सहित कुल 145 पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए.धरना के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार से 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि का भुगतान, त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रायोजित 14 विभागों की शक्तियों को क्रियाशील करने और शेष विभागों की शक्तियों के प्रत्यायोजन की मांग की. धरना में लेस्लीगंज व चैनपुर से आए जिला परिषद प्रतिनिधियों ने कहा कि पलामू के 21 प्रखंडों में यह आंदोलन जारी रहेगा और आगे जिला मुख्यालय में भी आवाज बुलंद की जाएगी. प्रतिनिधियों ने पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार को ज्ञापन सौंपा.

### राजद का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 29वां स्थापना दिवस शनिवार को लातेहार जिला कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पार्टी नेता भोला सिंह ने पार्टी का झंडातोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.कार्यक्रम के दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को 13वीं बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी. इस अवसर पर रंजीत यादव ने कहा कि राजद हमेशा सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है और गरीब, पिछड़े, दलित एवं शोषित वर्गों की आवाज को सड़क से संसद तक उठाने का कार्य करती रही है. उन्होंने कहा कि बिहार में राजद की सरकार बनना तय है, क्योंकि वर्तमान नीतीश सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर हो चुकी है. कार्यक्रम में वरीय नेता देववंश यादव, दामोदर यादव, निजाम अंसारी, मोहम्मद राशिद, विनोद राम, उषा देवी, संतोष यादव, चेतन यादव, चंद्रदेव सिंह, वहाब मियां, जीत महान सिंह, चंद्रशेखर कुमार, चिंटू यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे. सभी ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया.

### किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा: हेमलाल



**लातेहार।** शहर के होटल ब्लिस में शनिवा को भारतीय किसान संघ, लातेहार जिला का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमलाल ने कहा कि देश को खुशहाल बनाने के लिए किसानों को खुशहाल करना होगा. जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक देश समृद्ध नहीं होगा. उन्होने कहा कि आज देश का किसान कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है. किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है. सरकार के द्वारा किसानो को संसाधन उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं. प्रदेश अध्यक्ष जयकुमार सिंह व महामंत्री दीपक उरांव शामिल थे. प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह ने कहा किभारतीय किसान संघ किसान हित में कार्य कर रही है. झारखंड में भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं के लिए सतह पर संघर्ष कर रही है. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू सिंह ने व संचालन जिला मंत्री बबन माझी ने किया. मौके पर मनीष कुमार, सरजू प्रसाद, अशोक, कुंदन प्रसाद, मनोज उरांव, गोविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह व सुनील प्रसाद समेंत कई किसान मौजूद थे.

### जलमीनार की गड़बड़ियों की होगी जांच: अनीता देवी

**बालूमाथ (लातेहार)।** झाबर पंचायत में लंबे समय से जारी पेयजल संकट और जलमीनारों की खराब स्थिति को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है. शनिवार को लगातार मिल रही जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने झाबर पंचायत का दौरा किया और जलमीनारों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि लाखों रुपये की लागत से जलमीनार तो बनवाए गए हैं, लेकिन अधिकतर अभी तक चालू नहीं हुए या कई महीनों से खराब पड़े हैं. कई स्थानों पर पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई, जिससे आज भी लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है.अनीता देवी ने मौके पर मौजूद विभागीय कर्मियों से जवाब-तलब किया और कहा कि यदि निर्माण में गड़बड़ी या लापरवाही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी बंद जलमीनारों को जल्द चालू कराने के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जाएगी.इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने जिप उपाध्यक्ष को अपनी समस्याएं बताई. ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और शीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की.

### ऑक्सफोर्ड के प्राचार्य डॉ. एके सिंह होंगे सम्मानित

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. एके सिंह को आगामी प्रेरणा कार्यक्रम 2025 में सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान उन्हें विद्यालय में शिक्षकों के शैक्षणिक उत्थान, प्रेरक नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है. डॉ. सिंह को यह मान्यता 2024 के प्रेरणा कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, समर्पण, दृष्टिकोण, और टीम भावना को सफलतापूर्वक दिशा देने हेतु "मेंटोर" के रूप में चयनित किए जाने के आधार पर मिली है. उनके प्रेरणादायी नेतृत्व ने विद्यालय को गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार के नए आयाम दिए हैं. विद्यालय के निदेशक सहं पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण प्रसाद मेहता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. एके सिंह को मिलनेवाला यह सम्मान संपूर्ण विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है. यह उपलब्धि न केवल उनकी कार्यशैली की सराहना की है.

## ब्रीफ न्यूज

### एक्शन टेसा स्टूडियो ऑन व्हील्स 3.0 बस का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज में शांडिल्य डेकोर प्राइवेट लिमिटेड और एक्शन टेसा के सहयोग से "स्टूडियो ऑन व्हील्स 3.0" बस का शुभारंभ हुआ. इस मोबाइल स्टूडियो का उद्घाटन शहर की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने फीता काटकर किया. उन्होंने कहा कि एक्शन टेसा का प्लाईवुड मजबूती, नमी और दीमक प्रतिरोध के लिए जाना जाता है तथा यह फर्नीचर व इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए एक भरोसेमंद विकल्प है. एक्शन टेसा के प्रतिनिधि आनंद द्विवेदी ने बताया कि उनके उत्पादों में नीलगिरी फाइबर चिप्स का उपयोग होता है, जिससे ये पर्यावरण-अनुकूल बनते हैं. कंपनी ग्राहकों को नकली उत्पादों से बचाने के लिए सुरक्षा स्टिकर और क्यूआर कोड भी प्रदान करती है.

### लायंस क्लब: कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज एवं लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना की संयुक्त इंस्टॉलेशन सेरेमनी शुक्रवार शाम होटल शिवाय ब्लू में आयोजित हुई. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और विश्व शांति के लिए एक मिनट मौन से हुई. समारोह में 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेकर अपने कार्यकाल की शुरुआत की. नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष रूपेश कुमार, सचिव प्रभात अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह नामधारी, प्रथम उपाध्यक्ष दिलीप सांवरिया, सदस्यता चेयरपर्सन ज्ञान शंकर, क्लब प्रशासक सुधीर कुमार, नेतृत्व विकास चेयरपर्सन संतोष शामिल हैं.

### नप के सफाईकर्मी 9 जुलाई को हड़ताल पर

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के सफाईकर्मी 9 जुलाई को श्री श्याम एसडब्ल्यूएम प्रा. लि. कम्पनी के नकारात्मक रवैये के विरोध में हड़ताल पर रहेंगे. सफाईकर्मियों का आरोप है कि कम्पनी ने त्रिपक्षीय वार्ता में हुए समझौतों का उल्लंघन किया है और बकाया वेतन का भुगतान अब तक नहीं किया गया है. हेड मैनेजर संजीव कुमार द्वारा 4-5 जुलाई तक वेतन देने का वादा किया गया था, परन्तु वह भी झूठा साबित हुआ. पूर्व में नगर परिषद ने बिना किसी निजी कम्पनी या एन.जी.ओ. के स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए थे. तब नियमित वेतन, वर्दी, पहचान पत्र और इलाज जैसी सुविधाएं मिलती थीं. अब स्थिति यह है कि न तो झाड़ू मिल रहा है, न वर्दी और न ही पहचान पत्र.

## वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षुओं ने सीखी मत्स्य पालन की विधि

# अविराम संस्थान की हैचरी में हुआ व्यावसायिक प्रशिक्षण

**शुभम संदेश ।लोहरदगा**



अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको के बीएड और डीएलएड संकाय के प्रशिक्षुओं ने माराडीह स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान की हैचरी में मत्स्य पालन की वैज्ञानिक विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया.प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों विश्वजीत भारती, बीरेन्द्र, लक्ष्मण और नवल द्वारा मछली की पहचान, इंजेक्शन प्रक्रिया, ऑक्सीजन लेवल की निगरानी, मत्स्य जीरा उत्पादन और देखभाल से संबंधित जानकारी दी गई. प्रशिक्षुओं को बताया गया कि कैसे सही तकनीकों का प्रयोग कर स्वरोजगार और स्थायी आजीविका संभव है.संस्थान के सचिव इन्द्रजीत भारती ने बताया कि एक किलोग्राम मछली एक सीजन में लगभग एक लाख अंडे देती है, जिससे 35 हजार तक मत्स्य जीरा तैयार होता है. यदि इसे बड़े स्तर पर किया जाए तो अच्छी आय प्राप्त हो सकती है.अविराम संस्थान द्वारा लगभग दस एकड़ के जल क्षेत्र में पंद्रह तालाबों में कतला, रोहू, ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प, कालवासू, मृगल आदि प्रजातियों का पालन किया जा रहा है. इस परियोजना से 40 से 50 लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है.प्राउन (झींगा) की खेती, जिसे 'प्राउन कल्चर' कहा जाता है, भी यहां की जा रही है. बाजार में इसकी अच्छी मांग होने के कारण यह एक लाभकारी विकल्प बनकर उभरा है. इससे न केवल ग्रामीणों को बेहतर आय हो रही है, बल्कि पलायन भी कम हो रहा है.प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को तालाब की संरचना, आवश्यक तापमान (15-25 डिग्री सेल्सियस), जल प्रवाह बनाए रखने की तकनीक तथा पोषण के लिए चावल की पॉलिस, काउ डंग, मस्टर्ड केक जैसे खाद्य पदार्थों की जानकारी भी दी गई.प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं के सवालों के उत्तर भी विशेषज्ञों ने दिए, जैसे – तालाब कैसे बनाएं, क्या सावधानियां रखें आदि. इस अवसर पर महाविद्यालय के पंकज, शिब, संदीप, पवन सहित अन्य उपस्थित रहे.महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि सचिव इन्द्रजीत भारती के निर्देश पर मत्स्य पालन में रुचि रखने वाले प्रशिक्षुओं की सूची तैयार कर ली गई है. इन्हें निःशुल्क मत्स्य बीज एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा.प्रशिक्षुओं ने इस विजिट को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें न केवल वैज्ञानिक जानकारी मिली बल्कि रोजगार के नए आयाम भी खुले हैं.

## वर्ल्ड बैडमिंटन डे पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का डीसी ने किया उदघाटन

# आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनेगा गुमला का इंडोर स्टेडियम : डीसी

**शुभम संदेश। गुमला**



उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गुमला जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है. इनडोर स्टेडियम का जल्द ही रेनोवेशन किया जाएगा. खिलाड़ियों को आधुनिक एवं सुविधा-युक्त प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा.

वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के संकल्प के साथ गुमला के इंडोर स्टेडियम में बैंडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं.

उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए और वे स्वयं बैंडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिए. उन्होंने कहा कि गुमला इनडोर स्टेडियम में प्रशिक्षित कोच उपलब्ध हैं और काफी संख्या में बच्चे नियमित रूप से बैडमिंटन की ट्रेनिंग ले रहे हैं. जिला प्रशासन का लक्ष्य होगा कि यहां के बच्चे बच्चियां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में गुमला का नाम रौशन करें. उन्होंने युवा खिलाड़ियों से नशा पान से दूर रहने की अपील की. कहा कि यह आयोजन नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य उन्मुख समाज के दिशा में एक ठोस पहल है. इस अवसर पर जिले भर से आए खिलाड़ी, प्रशिक्षक, कोच, खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# 1.30 लाख के जाली नोट के साथ तीन गिरफ्तार



**शुभम संदेश। गुमला**

रायडीह थाना की पुलिस ने शुक्रवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान जाली नोट के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों सुधन राम यादव झारमुंडा, पोस्ट अकिरा थाना तुमला जिला जशपुर (छग), गोस्वामी चौहान और दिलीप कुमार दोनों ग्राम पोस्ट- गोरिया थाना नारायणपुर जिला जशपुर (छग) के नाम शामिल है. एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया कि सफेद रंग के कार में कुछ लोगों द्वारा जाली नोट लेकर गुमला से जशपुर जाने की गुप्त सूचना के आधार पर वरीय अधिकारी के निर्देश में रायडीह थाना गेट पर बेरिकेटिंग लगाकर वाहन चेकिंग आरंभ किया गया. वाहन चेकिंग के क्रम में ही गुमला की ओर से सफेद रंग का अर्टिगा कार पहुंचा. चालक कार को बैक कर भागने का प्रयास किया गया. जिसे छापामारी दल के द्वारा तत्परता दिखाते हुए कार को घेराबंदी कर ली और चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने एक कागज में लपेटा हुआ पांच सौ का बंडल बरामद किया गया. जांच में नोटों का बंडल नकली पाया गया. गिनती करने पर 500 का कुल 260 जाली नोट कुल 1,30,000/ एक लाख तीस हजार का जाली नोट जब्त किया गया. अलग से 500 का पांच असली नोट कुल-2500/- रुपाये को भी जब्त किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि नकली नोट को असली के साथ मिलाकर बाजार में खरीददारी करते हैं. पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया.

## प्रिंसिपल की मनमानी से बंद हुआ स्कूल, अभिभावकों में आक्रोश

**शुभम संदेश। हैदरनगर**

प्रखंड के बभंडीह मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक मो. आज़ाद की मनमानी के कारण स्कूल बंद रहा, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही उन्हें मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिल सका. मोहर्रम के अवसर पर बिना किसी सूचना या अनुमति के विद्यालय में ताला लगाकर प्रधानाध्यापक घर चले गए, जिससे छात्र, अभिभावक और स्थानीय ग्रामीणों में काफी नाराजगी फैली. अभिभावकों ने इस गैरजिम्मेदाराना रवैये की कड़ी निंदा की और कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मो. आज़ाद ने ऐसा किया है. पहले भी वे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और सांस्कृतिक आयोजनों में असंवेदनशीलता दिखा चुके हैं. उनका जगहांतरण कई बार किया गया, लेकिन राजनीतिक सिफारिश और धन के दम पर वे बार-बार इसी विद्यालय में तैनात हो जाते हैं.

### बिजली समस्या को लेकर पदाधिकारी को दिया ज्ञापन

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित कॉलोनी पुनर्वास स्थल कल्याणपुर में बिजली की गंभीर समस्या से ग्रामीण काफी परेशान हैं. इस संदर्भ में इदरीस अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बिजली की लचर व्यवस्था सुधारने की मांग की गई है. सभी बिजली पोलों में खराब पड़े स्ट्रीट लाइट बदलकर नए लगाने की जरूरत बताई गई है. मुहर्रम पर चौक व लाठी खेल अखाड़ा में प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की.

### इटकी में छात्रों के बीच हुई मारपीट, माहौल तनावपूर्ण

**इटकी ।** शंकरी प्लस-2 विद्यालय, इटकी में शनिवार को नवीं कक्षा के दो छात्रों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। छात्र राहुल कुजूर और मतलूब आलम के बीच कहासुनी के बाद डस्टर और झाड़ू से मारपीट हुई, जिसमें राहुल का माथा फट गया। शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए झगड़ा शांत कराया और राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।हालात तब और बिगड़ गए जब राहुल के पक्ष में 10-12 युवक स्कूल पहुंचकर मतलूब के साथ मारपीट करने लगे। इससे विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और शिक्षक पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।दोनों छात्रों और उनके अभिभावकों को थाने बुलाकर समझौता कराया गया और छात्रों से बांड भरवाया गया। घटना के समय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी.

# गुमला पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार


**शुभम संदेश। गुमला।**



जिले में प्रतिबंधित मादक पदार्थों जैसे ब्राउन शुगर, गांजा और अन्य नशीले वस्तुओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. यह दल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला के नेतृत्व में गठित हुआ, जिसका उद्देश्य जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना है. शनिवार को पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति गढ़वा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर ब्राउन शुगर लेकर घाघरा की ओर जा रहे हैं. सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर देवाकी बाबाधाम के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. चेकिंग के दौरान दो बाइक पर सवाल लोग भागने लगे. पुलिस ने पीछा कर नेतरहाट रोड पर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया.

पूछताछ में तीनों ने अपने नाम पुनित आशीसन टोप्पो, जगदीश उरांव और विनय कुमार बताया. तीनों की तलाशी लेने पर उनके पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल और बाइक बरामद हुआ. बरामद ब्राउन शुगर की मात्रा और परिस्थितियों को देखते हुए इनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, थाना प्रभारी, घाघरा, पुअनि अनिकेत कुमार गुप्ता, पुअनि विकास कुमार शामिल थे.

### डीएवी बचरा में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि का आयोजन



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर. चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की. इसके बाद सभी शिक्षकों ने श्रद्धा सहित पुष्प अर्पित कर उनकी याद में सम्मान व्यक्त किया. प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद एक महान हिंदू भिक्षु, दार्शनिक और धार्मिक गुरु थे जिन्होंने समाज सेवा को सर्वोपरि माना. उन्होंने सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने की प्रेरणा दी और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं.

# कोयलांचल में सादगी के साथ मनाया गया निशान जुलूस

**शुभम संदेश। पिपरवार**



कोयलांचल क्षेत्र के पिपरवार और राय पंचायत में इस बार भी परंपरा के अनुसार सादगी के साथ मुहर्रम का निशान जुलूस निकाला गया. पिपरवार के न्युमंगरदाहा गांव में शुक्रवार को अष्टमी और शनिवार को नवमी की रात मुहर्रम का अखाड़ा और निशान जुलूस बड़े ही भव्य तरीके से निकाला गया. जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. यह जुलूस पूरे गांव का भ्रमण करते हुए इमामबाड़ा पहुंचा, जहां निशान खड़ा किया गया और फातिहा का आयोजन किया गया. इसके बाद हैरतअंगेज अस्त्र-शस्त्र खेल और लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया, जिससे दर्शकों में जोश और श्रद्धा की भावना बनी रही. पूरे इलाके में "या अली, या हुसैन" के नारे गूंजते रहे. न्युमंगरदाहा गांव के अलावा राय पंचायत में भी मुहर्रम का निशान और अखाड़ा जुलूस निकाला गया. यह जुलूस जामिया गोसिया रिजविया राय के प्रांगण से शुरू होकर राय बाजार स्थित इमामबाड़ा तक गया. वहां निशान को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ खड़ा किया गया और फातिहा का आयोजन हुआ. जुलूस में युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र खेल का भी प्रदर्शन किया, जिसमें हजरत इमाम हसन और हुसैन के नाम के नारे लगाए गए. राय मुहर्रम समिति के सदस्यों ने बताया कि नवमी के दिन यह जुलूस निकाला गया, जबकि दशमी के दिन ताजिया और अखाड़ा जुलूस की तैयारी पूरी कर ली गई है.

**समारोह** — पिपरवार में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में बोले महाप्रबंधक

# इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है

**शुभम संदेश। पिपरवार**



बचरा हाई स्कूल के प्रांगण में शनिवार को पिपरवार विकास समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार उपस्थित थे. समारोह में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का पिपरवार विकास समिति द्वारा फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया. स्वागत गीत के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समारोह की शुरुआत की. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया, जिसके बाद पिपरवार व कोयलांचल क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों को मैट्रिक, इंटरमीडिएट और सीबीएसई बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. सभी मेधावी छात्रों को पिपरवार विकास समिति की ओर से उपहार और मेडल प्रदान किए गए. इस अवसर पर पिपरवार के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक होते हैं. उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से पिपरवार विकास समिति क्षेत्र के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित कर रही है, जिससे उनकी पढ़ाई में रुचि और मेहनत बढ़ती है. संजीव कुमार ने सभी से अपील की कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और बढ़ाया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के सभी बच्चे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें. उन्होंने बताया कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और बेहतर शिक्षा से ही व्यक्ति अपने जीवन में ऊँचाइयों को छू सकता है. उन्होंने बच्चों से अनुरोध किया कि वे भविष्य में भी अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता बनाए रखें और अपने स्कूल, क्षेत्र तथा राज्य का नाम गौरवान्वित करें. इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा. इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया. यह पहल बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई.

इस समारोह में पिपरवार क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं बचरा उतरी मुखिया गुंजन सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, जिला सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, श्रमिक प्रतिनिधि विधापति सिंह, डॉ. रिशु चौधरी सहित कई अन्य लोग शामिल थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में पिपरवार विकास समिति के अध्यक्ष अगनु देशवाली, सचिव संतोष कुमार राम, राजेन्द्र प्रसाद, उमेश मेहता, मनोज कुमार, महेन्द्र पण्डित, दीनदयाल नोनिया, धर्मेन्द्र महतो, जेम्स उरांव और अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### चंदवा में पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था की बैठक हुई संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड के कुसूमटोली धुमकुड़िया में शनिवार को पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पड़हा वेल धनेश्वर उरांव और संचालन पड़हा कोटवार जितेन्द्र सिंह खरवार ने किया. इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं झारखंड पड़हा के संरक्षक देव कुमार धान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. बैठक में विभिन्न पड़हा क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने आदिवासी धर्म कोड, पेसा कानून, अखरा-झखरा, पहनाई जमीन, विकास के नाम पर भूमि अधिग्रहण और विस्थापन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की. बैठक में सर्वसम्मति से सरकार के समक्ष कुछ प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें खनिज के नाम पर आदिवासियों की भूमि गैर-आदिवासियों को स्थानांतरित करने पर रोक और अखरा जमीन की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाना शामिल है.

## एक नजर



### बाबा ब्रांड के बोरा में राशन का चावल, जांच की मांग

**गुमला ।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के प्रतिनिधि मनीष ने शुक्रवार को स्थानीय मुखिया जुस्फीन टेटे के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय बालिका विद्यालय बघिमा पालकोट का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मनीष ने कहा कि कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं को घटिया खाना परोसे की शिकायत विधायक को मिली थी. विधायक के निर्देश पर बतौर प्रतिनिधि छात्राओं के निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय में मेन्यू के अनुरूप छात्राओं को भोजन नहीं मिल रहा है. बाबा चावल के बोरा में पीडीएस का चावल पाया गया. विधायक प्रतिनिधि ने घटना की जानकारी पालकोट बीडीओ विजय उरांव को दिया. बीडीओ ने भी विद्यालय पहुंचे और जांच किया. जांच में स्वीकार किया कि मेन्यू के आधार पर छात्राओं को नही दिया जा रहा है. प्रतिनिधि ने मामले की जानकारी विधायक को दी. विधायक ने विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है.


### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के तीन छात्र सम्मानित

**कुड़ू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के तीन मेधावी छात्र-छात्राओं ने संकुल स्तरीय माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया. बहन पूजा कुमारी ने 92.20% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, भैया लक्ष्य भारद्वाज ने 88.20% अंकों के साथ सप्तम स्थान और भैया धीरज प्रजापति ने 87.80% अंक लाकर नवम स्थान प्राप्त किया. इन छात्रों को लोहरदगा स्थित मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर पूजा कुमारी के पिता बाल्केश्वर महतो, लक्ष्य भारद्वाज के माता-पिता नंदलाल तिवारी और हेना तिवारी तथा धीरज प्रजापति के पिता बिहारी प्रजापति भी उपस्थित थे. कार्यक्रम में लक्ष्य भारद्वाज ने अनुभव साझा करते हुए अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के आचार्यों और माता-पिता को दिया. प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. विद्यालय परिवार ने सभी सम्मानित छात्रों को हार्दिक बधाई दी.

### अनुकंपा नियुक्ति के तहत दो लोगों को मिली सरकारी नौकरी

**लोहरदगा।** जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने दो पात्र अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति पत्र प्रदान किए. स्व. देवनाथ असुर, जो पूर्व में जिला स्थापना शाखा में कार्यरत थे, उनके पुत्र विनोद असुर को चतुर्थवर्गीय कर्मी के पद पर नियुक्त किया गया. वहीं, स्व. तारामनी देवी, जो जिला आपूर्ति शाखा में सेवारत थीं, उनकी पुत्री खुशबू भगत को तृतीयवर्गीय कर्मी के पद पर नियुक्ति दी गई. इस मौके पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने दोनों नियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की. उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय और सहयोग से कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक बनेगा और सेवाएं भी गुणवत्तापूर्ण होंगी. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा एवं स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत कुमार सूरज भी उपस्थित थे. अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया.

### पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो ने डीसी से की मुलाकात



**लोहरदगा।** वर्ष 1984 की भारतीय ओलंपिक हॉकी टीम के सदस्य रहे पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो ने शुक्रवार को लोहरदगा उपायुक्त डॉ. ताराचंद से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान जिले में हॉकी समेत अन्य खेलों को बढ़ावा देने और बेहतर खेल वातावरण तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. उपायुक्त ने मनोहर टोपनो के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए किए गए योगदान की सराहना की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है और हॉकी जैसे लोकप्रिय खेलों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा. पूर्व ओलंपियन के अनुभवों और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया.

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पौधरोपण कार्यक्रम

**मांडर।** शनिवार को भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कन्दरी, मांडर, रांची के एनएसएस यूनिट द्वारा गोद लिए हुए ग्राम करकरा एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में बीएड सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं, व्याख्यातागण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण ने भाग लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत मुड़मा के मुखिया बंधन उरांव थे. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दिपाली पराशर एवं मुखिया बंधन उरांव द्वारा ग्राम कन्दरी के देवी मंडप में पौधपोपण करके किया गया. इसके बाद राजकीयकृत मध्य विद्यालय कन्दरी, मुड़मा पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान करकरा एवं कई ग्रामीण जैसे सुरेश ठाकुर, आदित्य कुमार ठाकुर, सुखदेव उरांव, एतवा उरांव, कादीर अन्सारी, फिरोज अंसारी के स्थानों पर पौधे लगाए गए. इस कार्यक्रम का सफल नेतृत्व एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी विवेक राज जायसवाल ने किया. लगभग 40-50 विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए.

### मुहर्रम मेले को लेकर शांति और समन्वय की बैठक

**भंडरा।** जिले के भंडरा प्रखंड के अकासी में लगने वाले मुहर्रम मेले को लेकर प्रशासन ने शांति बनाए रखने को लेकर बैठक की. इस बैठक में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, बीडीओ प्रतीमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, प्रखंड सदर आफताब आलम और डीएसपी समीर तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे. पिछले वर्ष अकासी और बंडा गांव के बीच हुए विवाद को देखते हुए इस बार पुलिस ने पहले से पूरी तैयारी कर सभी अखाड़ा के प्रतिनिधियों को बुलाकर मेला कमिटी का गठन किया गया. कमिटी के अध्यक्ष मोबारक अंसारी, सचिव एनामुल मिरदाहा, कार्यकारिणी अध्यक्ष इसाक अंसारी, कोषाध्यक्ष मंजुर अंसारी, महासचिव नयुम अंसारी सहित चारों गांव के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई. मुहर्रम मेला सात जुलाई, सोमवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा. सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को लिखित सहयोग का भरोसा दिया. डीएसपी समीर तिर्की ने कहा कि त्योहार खुशियां लेकर आते हैं, इन्हें विवाद में नहीं बदलना चाहिए.

### बरवाडीह रेलवे रनिंग रूम का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**बरवाडीह।** मुगलसराय डिवीजन के डीआरएम उदय सिंह मीना ने शनिवार को बरवाडीह स्थित रेलवे रनिंग रूम का औचक निरीक्षण किया. उनके साथ सीनियर डीईएन सुनील सिंह यादव सहित कई रेल अधिकारी मौजूद थे. यह निरीक्षण रनिंग स्टाफ की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए किया गया, ताकि लोको पायलट और गार्डों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. वर्ष 1998 में स्थापित यह रनिंग रूम डीडीयू, आरएनसी और धनबाद मंडल के कई स्टेशनों से आने वाले रनिंग स्टाफ को सेवा देता है. यहां 63 कमरे और 132 बिस्तर हैं, जहां औसतन 235 से 270 तक स्टाफ की उपस्थिति रहती है. सभी कमरे, भोजन कक्ष, मनोरंजन कक्ष व ध्यान कक्ष एयर कंडीशंड हैं. खाने के लिए शाकाहारी और मांसाहारी रसोई की अलग व्यवस्था है.

### इटकी में इमारती पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

**इटकी।** प्रखंड के कुंदी बगधारा पतरा में वन विभाग ने शनिवार को बड़े पैमाने पर इमारती पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की. पहले दिन लगभग 1000 पौधे लगाए गए. इस क्षेत्र में कुल 45 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी जानकारी प्रभारी वनपाल राहुल महली ने दी. कार्यक्रम में ग्राम प्रबंधन एवं वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष कौसर आलम, वन सहकर्मी ज्योतीमर कच्छप, आलम अंसारी, नौशाद अख़्तर, अभिलाष सोनू सहित कई ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी मौजूद थे. पौधरोपण से जुड़े इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना है. स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी वन संरक्षण के लिए सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की.

